# यदि सत्य का ज्ञान होता आपको

## तो शायद आपकी सोच ही बदल जाती



*आरेख 1 मदर टेरीसा (टेरेसा)*


मानोज रखित

# विषयवस्तु

संदर्भ सूची **BIBLIOGRAPHY** 5

ईसाई धर्म हिंदू धर्म को किस दृष्टि से देखता है और क्यों 7

ईसाई धर्म की आधारभूत शिक्षा क्या है 12

क्या आपके मन में यह प्रश्न उठता है कि प्रथम पोप ने अपना यह खूनी चरित्र किसकी शिक्षाओं से पाया 14

ईसाई धर्म की विशिष्टताएँ क्या हैं 19

कामातुर प्रवृत्ति की इतनी अधिकता क्यों 20

इतनी धनलोलुपता क्यों 26

मानवता की सेवा का यह कैसा चेहरा 40

यह दावा था पोप का 44

# चित्र तालिका

आरेख 1 मदर टेरीसा (टेरेसा)........ 1

आरेख 2 विख्यात ईसाई धर्मगुरु पैट रॉबर्टसन........ 7

आरेख 3 हमारी माँ काली को ईसाइयों के पखाने में स्थान........11

आरेख 4 हमारे गणेशजी ईसाईयों के पैरों तले........12

आरेख 5 बाइबिल तथा क्रॉस........12

आरेख 6 वैटिकन, रोम........13

आरेख 7 ईसा को क्यों सूली पर चढ़ाया गया – वास्तविक कारण........14

आरेख 8 पोप (19 मार्च 1227 से 22 ऑगस्ट 1241) ग्रेगरी 9वें........18

आरेख 9 पोप (11 ऑगस्ट 1492 – 18 ऑगस्ट 1503) ऐलेक्ज़ैन्डर 6ठे.20

आरेख 10 पोप (1 ऑक्टोबर 965 से 6 सेप्टेम्बर 972) जॉन 13वें........21

आरेख 11 गवर्नर एलफिन्सटन....................................................................23
आरेख 12 धर्मगुरु मार्किन्कस, वैटिकन बैंक के सर्वोच्च अधिकारी............27
आरेख 13 मेक्सिको के सर्वोच्च धर्माधिकारी पोसादास-ओकाम्पो ............28
आरेख 14 नशीली पदार्थों के सर्वोच्च व्यापारी कुख्यात पाबलो एस्कोबार..28
आरेख 15 मदर टेरेसा 1979 नोबेल पुरस्कार लेते हुए ...........................29
आरेख 16 चार्ल्स कीटिन्ग 1991-99 ट्रायल्स ......................................30
आरेख 17 रॉबर्ट मैक्सवेल 1969 का स्कैन्डेल ......................................30
आरेख 18 क्रिस्टोफर हिचेन्स की प्रसिद्ध पुस्तक मदर टेरीसा के बारे में....31
आरेख 19 डॉ ऑरूप चैटर्जी की ख्याति प्राप्त पुस्तक मदर टेरीसा के बारे में ..........................................................................................35
आरेख 20 द लैन्सेट विश्व की अग्रणी मेडिकल जर्नल के संपादक लिखते हैं मदर टेरीसा के अस्पताल के बारे में .............................................37
आरेख 21 बॉस्टन का मैसाच्युसेट्स जेनेरल – इसके जैसे विश्व के सर्वोत्कृष्ट अस्पतालों से कम मदर टेरीसा को पसंद नहीं अपनी चिकित्सा के लिए उस धन का प्रयोग कर जो आता था उन गरीब रोगियों के लिए जिन्हें वह देती थीं केवल ईसा की प्रार्थना ................................................38
आरेख 22 ये केवल एक मिलियन डॉलर हैं मदर टेरेसा ने जमा कर रखे थे ऐसे पचास मिलियन ब्रॉन्क्स के एक बैंक के एक खाते में................39
आरेख 23 परवीन (वली मुहम्मद) बाबी के मरते ही ईसाई पादरी आ धमके ..........................................................................................43
आरेख 24 पोप (16-10-1978 से 2-4-2005) जॉन पॉल द्वितीय.............44

## प्रार्थना

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु में देव शुभकार्येषु सर्वदा।।

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता,
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।
या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर् देवैस्सदावन्दिता,
सा माम् पातु सरस्वती भगवती निश्शेषजाड्यापहा।।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## समर्पण

कायेन वाचा मनसेन्द्रिऐवा बुध्यात्मना वा प्रकृते स्वभावात।
करोमि यद् यद् सकलं परस्मै नारायणायेति समर्पयामि।।

मानोज रखित
maanojrakhit@gmail.com
http://www.maanojrakhit.com
http://www.scribd.com/maanojrakhit

यदि आप जन-जागरण का संकल्प लेकर इस पुस्तिका को बँटवाना चाहें तो निःसंकोच इसकी प्रतियाँ करवा लें अथवा छपवा लें पर यह ध्यान अवश्य रखें कि कोई परिवर्तन करना आवश्यक जान पड़े तो कृपया मेरी अग्रिम अनुमति लिखित रूप में अवश्य ले लें।

# संदर्भ सूची Bibliography

आइ-एस-बी-एन (अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक क्रमांक) विश्वभर में प्रकाशित पुस्तकों की अद्वितीय पहचान --- इनका सतत प्रयोग यहाँ पायेंगे


ISBN 81-89746-08-1 [2005] Maanoj Rakhit, Popes, Saints, Cardinals, Archbishops, Bishops--their real-life conducts

ISBN 81-89746-07-3 [2004] Maanoj Rakhit, Do your history books tell you these facts? or, ISBN 978-81-89990-15-2 [2008] Maanoj Rakhit, Seed-2

ISBN 0-8400-3625-4 [Belgium, Europe, 1996] King James Version, Holy Bible

ISBN 0-14-100437-1 [2000] F Max Muller, INDIA what can it teach us?

ISBN 019-565432-3 [2001] The New Oxford Dictionary of English

ISBN 81-85990-21-2 [1995] Ishwar Sharan, The Myth of Saint Thomas and the Mylapore Shiva Temple

ISBN 81-85990-46-8 [1997] Matilda Joslyn Gage, Woman, Church and State--a historical account of the status of woman through the Christian ages with reminiscences of the matriarchate

ISBN 81-85990-52-2 [1998] N S Rajaram, A Hindu View of the World--Essays in the intellectual Kshatriya Tradition

ISBN 81-85990-54-9 [1998] Sita Ram Goel, Pseudo-Secularism, Christian Missions and Hindu Resistance

ISBN 81-85990-60-3 [2000] David Frawley (Vamadeva Shastri), How I became a Hindu--my Discovery of the Vedic Dharma

Hindu Voice, Mumbai

http://www.meteorbooks.com/introduction.html, Dr. Aroup Chateerji, Mother Teresa--The Final Verdict

# ईसाई धर्म हिंदू धर्म को किस दृष्टि से देखता है और क्यों



*आरेख 2 विख्यात ईसाई धर्मगुरु पैट रॉबर्टसन*

"*वे हमेशा धन माँगते हैं अमरीकी जनसमुदाय से कि हम भारतवर्ष में जाकर हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करना चाहते हैं। हम यह देखते हैं नित्य विभिन्न टेलिविज़न चैनेलों पर। पैट रॉबर्टसन जो उनके मुख्य धार्मिक नेताओं में से एक हैं उन्होंने कहा है कि हिंदू धर्म एक नारकीय /राक्षसी धर्म है। वे हिंदू देवताओं को जानवरों के सिरों के साथ दिखाते हैं और कहते हैं जरा देखो इन्हें कितने असभ्य हैं ये लोग। वे भारतवर्ष के राजनैतिक एवं सामाजिक समस्याओं को अमरीकी जनसमुदाय के समक्ष रख कर कहते हैं यह सब हिंदू धर्म के कारण है। वे अमरीकी जनसमुदाय से कहते हैं कि हमें धन दीजिए ताकि हम भारतवर्ष जाकर उन्हें इस*

*भयावह हिंदू धर्म के चंगुल से छुड़ाएँ और उन्हें ईसाई बना सकें "*
*आइएसबीएन* 81-85990-60-3 *पृष्ठ* 151

आप अपने आप से पूछिए क्या हिंदू धर्म असभ्य लोगों का एक नारकीय/राक्षसी धर्म है जैसा कि बताया जाता है सारे विश्व को विभिन्न अमरीकी टीवी चैनेलों के द्वारा और धन माँगा जाता है हिंदुओं को इस भयावह धर्म के चंगुल से छुड़ाने के लिए?

"*न्यूयॉर्क टाइम्स अमरनाथ की तीर्थ यात्रा के बारे में लिखता है कि हिंदू जा रहे हैं विनाश के देवता शिव के कामवासना के अंगों की पूजा के लिए" आइएसबीएन* 81-85990-60-3 *पृष्ठ* 154

कैसा लगता है यह सुनकर आपको ? यह छवि प्रस्तुत करते हैं वे हिंदू धर्म की लाखों गोरी चमड़ी वालों के सामने। पर आप में से अनेक हैं जो फूले नहीं समाते जब देखते हैं मुट्ठी भर गोरी चमड़ी वालों को हिंदू धर्म अपनाते। आप इसी खुशफ़हमी में जीते हैं कि देखो हिंदू धर्म की क्या साख है वि श्व में जो इन गोरी चमड़ी वालों को भी प्रेरित करती उसे अपनाने! कुछ तो यहाँ तक छाप देते हैं कि आज सारा विश्व हिंदू धर्म की महत्ता को मानता है पर हमारे अपने हिंदू उस महत्ता को नहीं समझते। ये अति ज्ञानी लोग उन मुट्ठी भर गोरी चमड़ी वालों को सारे वि श्व का प्रतिनिधि मान बैठते हैं। क्या आप अपनी ही नज़रों में इतना गिर चुके हैं कि कोई जरा सा आपकी पीठ थपथपाता और आप फूल कर कुप्पा बन जाते? यही तो चाहा था उस टीबी मॅकॉले ने जो टीबी की तरह घुन लगा गया हमारे स्वाभिमान को जब वह लेकर आया ईसाई मिशनरियों की बटालियन सन 1835 में हमें ईसाई-अँग्रेज़ी शिक्षा पद्धति के साँचे में ढालने के उद्देश्य से। वह तो सफल हो गया अपने उद्देश्य में पर उसका

मूल्य चुकाया आपने। आपने खो दी अपनी शिक्षा, अपनी संस्कृति, अपनी पहचान!

डॉ जेरोमे का अमरीकन वेब साइट जो वि श्व भर में 71 लाख से अधिक लोगों द्वारा देखा जा चुका है हिंदू धर्म की व्याख्या यों करता है --- शिव नशाख़ोर है, शिवलिंग रूढ़ शैली का खड़ा हुआ (इरेक्ट) लिंग है, शक्ति वेश्यावृत्ति को प्रोत्साहित करती है, काली दुष्ट/डरावनी और ख़ून की प्यासी है। आज कल इंटरनेट का बोलबाला है। वि श्व के कोने-कोने तक अपनी बात पहुँचाने का यह सबसे सस्ता एवं द्रुतगामी माध्यम है। वेब साइट में एक काउंटर होता है। यह काउंटर गिन ता रहता है कितने लोग अब तक इस साइट पर आए। जब भी कोई व्यक्ति वि श्व के किसी भी कोने से कंप्यूटर के द्वारा उस साइट पर जाता है तत्काल काउंटर उसे रेकॉर्ड कर लेता है। जब मैं गया इस खबर की जाँच करने तो काउंटर ने 71,11,525 दिखाया -- यह कई महीनों पहले की बात है 14 फ़रवरी 2005। डॉ जेरोमे का दावा है कि इस साइट को वि श्व भर से पैंतीस हज़ार लोग प्रतिदिन देखते हैं। जरा सोचिए प्रतिदिन पैंतीस हज़ार लोग यह जानकारी पाते हैं कि हिंदू धर्म कितना गिरा हुआ है। और कौन बताता है उन्हें यह सब बातें? डॉ जेरोमें जैसे ख्याति प्राप्त ईसाई धर्म गुरु

"*हिंदू धर्म है जमघट विभिन्न पंथों का जिसे कहा जा सकता है धार्मिक अराजकता का ज्वलंत उदाहरण। शिव उनमें से सबसे अधिक लोकप्रिय है। उसके सबसे अधिक भक्त मिलेंगे आपको। नटराज के रूप में वह चार हाथों के साथ नाचता है। चारों ओर नंगा घूमता है गाँव- गाँव में, नंदी नामक एक सफ़ेद साँड़ के पीठ पर चढ़ कर। नशे में धुत, भूखे रहने और अपने शरीर को विकृत करने की शिक्षा देता वह। भैरव के रूप में अपने पिता की हत्या करने वाला, अपने बाप की खोपड़ी को एक कटोरे के रूप*

*में प्रयोग करने वाला है वह। अर्धनारीश्वर के रूप में स्त्री व पुरुष के काम वासना की छवि है वह। उसके मंदिरों में सदा पाओगे एक बड़ा लिंग जो है रूढ़ शैली का एक खड़ा (इरेक्ट) लंड जो है प्रतीक उसके निरंकुश कामुकता का। शिव की पत्नियाँ बड़ी लोकप्रिय हैं। शक्ति रहस्यानुष्ठान , मद्यपान-उत्सव, व्यभिचार, लाम्पट्य, मंदिरों में वेश्यावृत्ति एवं बलि देने की प्रथा को प्रोत्साहित करती है। शक्ति ने आरम्भ किया सती प्रथा का जिसमें विधवा आग में कूद जाती है अपने पति की चिता में। शक्ति काली के रूप में दुष्ट , डरावनी और ख़ून की प्यासी और सबसे अधिक लोकप्रिय है। वह खड़ी होती है एक छिन्न-मस्तक शरीर के ऊपर, गले में मनुष्यों के कटे सरों की माला डाले। ख़बरों के अनुसार प्रति वर्ष सौ व्यक्तियों का ख़ून किया जाता है , बलि के लिए, भारतवर्ष में काली के सम्मान में। हिंदू धर्म के जंगल में न घुसो , निकल भागो इस जंगल से जब यह तुम्हारे बस में हो "* http://religion-cults.com/Eastern/Hinduism/hindu11.htm

क्या प्रभाव पड़ता होगा है सारे विश्व पर जब पैंतीस हज़ार लोग प्रतिदिन पढ़ते हैं इसको ? मैं स्वयं जाने कितनी बार (गिनती नहीं कर सकता ) भगवान शिव शंकर के द्वार पर गया। प्रत्येक बार मेरे सामने वही लिंग था। मैंने तो कभी उसमें वह न देखा जो इन ईसाई धर्म गुरुओं ने देखा। मैंने तो उस शिवलिंग में सर्वदा शिव को देखा। ऐसा क्या है उनकी सोच में जो उन्हें कामुकता से भरा शरीर का वही अंग याद आया जो उनके अपने ही मन में सदा छाया रहता है ? आगे चलकर इसी रहस्य को समझने की चेष्टा करेंगे।

पर इन्हें केवल तीन उदाहरण समझने की भूल न करें। पूछें - क्या ऐसी प्रचेष्टाएँ सीमित रही हैं केवल ईसाई धर्म गुरुओं तक ही? नहीं, यह प्रवृत्ति

जनसाधारण में भी फैल चुकी है। आइए कुछ उदाहरण देखें  (ऐसे अनेक उदाहरण मिलेंगे आपको) -

बड़े-बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर्स में बिकते चप्पलों पर श्री गणेश की मूर्ति -- American Eagle Outfitters ने प्रचलित किया इन्हें जिनके लगभग 750 स्टोर्स मिलेंगे आपको अमरीका एवं कैनेडा में --- इसी प्रकार आप पाएंगे कोमोड पर माँ काली की छवि उन पखानो में जो निर्मित किए गए हैं बड़ी अमरीकी कंपनियों के द्वारा http://www.IndiaCause.com (अप्रैल 2003)



*आरेख 3 हमारी माँ काली को ईसाइयों के पखाने में स्थान*


ईसाई धर्मावलंबी लोगों को इस बात का आनंद तो मिलना चाहिए कि वे हमारे परम पूज्य श्री गणेश को अपने पैरों तले प्रतिदिन रौंद सकें अथवा माँ काली की छवि के साथ टट्टी कर सकें। यह केवल अमरीका की बात ही नहीं हमारे अपने भारतवर्ष में भी होता है ऐसा। धर्मान्तरित ईसाई अपने धर्मगुरु की शह पर शिवलिंग पर बैठ कर टट्टी करते हैं 13 अगस्त 2003 ग्राम कोविलनचेरी जिला कांची प्रदेश तमिलनाडु - पढ़ें *Hindu* Voice, English edition, Sept 2003 issue, report by S V Badri pp 40-41



*आरेख 4 हमारे गणेशजी ईसाईयों के पैरों तले*

ऐसा क्या है ईसाइयों की सोच में , उनकी शिक्षा में, उनके संस्कारों में और उनके छुपे हुए अतीत में जो उन्हें इस रूप में ढालता है ? क्या वे ऐसा केवल आज ही कर रहे हैं? नहीं, केवल आज ही नहीं, वे ऐसा सदा से करते आए हैं। वे सदा से ऐसा क्यों करते आए हैं? ऐसा क्या छुपा है उनके अतीत में? क्या हिंदू धर्म उनके साथ ऐसा व्यवहार करता है ? वे किस मिट्टी के बनें हैं जो उनमें इतनी घृणा है हमारे प्रति ? आइए चलें उनके अतीत में।

# ईसाई धर्म की आधारभूत शिक्षा क्या है




*आरेख 5 बाइबिल तथा क्रॉस*

"संत जेरोमें जाने जाते हैं वल्गोट के संकलनकर्ता के रूप में --- वल्गोट लैटिन भाषा में लिखा गया बाइबल का मुख्य स्वरूप है जिसे रोमन कैथोलिक चर्च के द्वारा आधिकारिक विषय-वाक्य की मान्यता प्राप्त है --- पोंटिफेक्स मैक्सिमस रोमन कैथोलिक चर्च में पोप को कहा जाता है जो उनके सर्वोच्च धर्मगुरू की उपाधी है -- पोप का स्थान (राज्य) वैटिकन में है" ऑक्सफोर्ड शब्दकोश आइएसबीएन 019-565432-3



*आरेख 6 वैटिकन, रोम*

अर्थात संत जेरोमे के लिपिबद्ध किए हुए सत्य वैटिकन द्वारा प्रामाणिक माने जाते हैं।

*"जोजेफ़ मॅकॉबे अपनी पुस्तक द टेस्टामेंन्ट ऑफ़ क्रिश्चियन सिविलिज़ेशन (अर्थात ईसाई सभ्यता का विधान ) में लिखते हैं कि ईसाई धर्म की स्थापना हुई ख़ून की नदियाँ बहा कर। ईसाई धर्म के प्रथम सर्वोच्च धर्म गुरु प्रथम पोप ने अपने पुत्र का वध किया , अपनी पत्नी का खून किया, अपने भांजे का वध किया और अपने अनेक मित्रों का ख़ून किया। इनके बारे में यूट्रोपियस ने लिखा एवं चौथी शताब्दी के ईसाई संत जेरोमे ने इसकी पुष्टि की। इन सच्चाइयों के बारे में आज कोई विवाद नहीं है। इस सत्य को आज मान्यता प्राप्त है " आइएसबीएन 81-85990-21-2 पृष्ठ 45 टिप्पणियाँ*

तो आपने देखा ईसाई धर्म के प्रथम सर्वोच्च धर्म गुरु का चरित्र क्या था। अब सोचिए उनके अनुयायियों का चरित्र कैसा होगा ? स्वाभाविक है कि

उनके अनुयायी अपने धर्म गुरू का ही अनुसरण करेंगे। कौन होता है अनुयायी? वही जो अपने गुरू को आदर्श मानता है और अपने आप को उनके दिखाए रास्ते पर ढालने की सतत चेष्टा करता है।

## क्या आपके मन में यह प्रश्न उठता है कि प्रथम पोप ने अपना यह खूनी चरित्र किसकी शिक्षाओं से पाया



*आरेख 7 ईसा को क्यों सूली पर चढ़ाया गया - वास्तविक कारण*

ईसा मसीह के बारह मुख्य शिष्यों में से एक संत मैत्थ्यू ने ईसा की वाणी को बाइबल में इस प्रकार लिपिबद्ध किया --

"12:30 *वह जो मेरे साथ नहीं वह मेरे विरुद्ध है"*

तात्पर्य यह कि जो मेरा अनुयायी नहीं उसे मेरे ख़िलाफ़ समझो

"10:34 *न सोचो कि मैं आया हूँ विश्व में शांति लाने के लिए -- मैं आया हूँ शांति के लिए नहीं बल्कि तलवार लिए* 10:35 *क्योंकि मैं आया हूँ आदमी को अपने पिता के विरुद्ध खड़ा करने के लिए - पुत्री को माता के विरुद्ध - बहू को सास के विरुद्ध* 10:36 *और मनुष्य का शत्रु होगा उसका अपना परिवार" आइएसबीएन* 0-8400-3625-4

संत ल्यूक ने इस बात की पुष्टि करते हुए ईसा की वाणी को बाइबल में यों लिपिबद्ध किया --

"12:51 *तुम समझते हो कि मैं आया हूँ इस धरती को अमन चैन देने ? मैं तुम्हें बताता हूँ - नहीं! मैं आया हूँ बँटवारा करने* 12:52 *क्योंकि अब से घर में पाँच बटे होंगे - तीन दो के विरुद्ध - दो तीन के विरुद्ध* 12:53 *पिता होगा पुत्र के विरुद्ध - पुत्र होगा पिता के विरुद्ध - माँ होगी पुत्री के विरुद्ध - पुत्री होगी माता के विरुद्ध - सास होगी बहू के ख़िलाफ़ - बहू होगी सास के ख़िलाफ़" आइएसबीएन* 0-8400-3625-4

क्या अब आपके समझ में आया कलियुग को इस धरती पर लाने वाला कौन था? हम हिंदुओं के परिवारों में फूट कब से पड़ी ? तब से, जब से भारत में आई ईसाई-अँग्रेज़ी शिक्षा पद्धति! ऐसा होता है बुरी शिक्षा एवं बुरे संगत का असर!

संत मैथ्यू एवं संत ल्यूक के दस्तावेज़ों की पुनः पुष्टि करते हुए ईसा के बारह मुख्य शिष्यों में से एक संत थॉमस ने ईसा की वाणी को गॉस्पेल ऑफ़ थॉमस में यों लिपिबद्ध किया -

"16 *ईसा ने कहा संभवतः लोग सोचते हैं कि मैं आया हूँ वि[illegible]ा में शांति स्थापना हेतु - वे नहीं जानते कि मैं आया हूँ इस धरती पर फूट डालने के लिए - आग, तलवार और युद्ध फैलाने के लिए - जहाँ पाँच होंगे एक परिवार में - वहाँ तीन होंगे दो के विरुद्ध और दो होंगे तीन के विरुद्ध - पिता होगा पुत्र के विरुद्ध और पुत्र पिता के - और वे डटे रहेंगे क्योंकि वे दोनों अपने आप में अकेले होंगे" आइएसबीएन* 81-85990-21-2

संत ल्यूक ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए ईसा की वाणी को बाइबल में इस प्रकार लिपिबद्ध किया --

"14:26 *यदि एक व्यक्ति मेरे पास आता है और वह अपने पिता से घृणा नहीं करता - एवं माता से, पत्नी से, संतानों से, भाई-बहनों से, एवं अपने-*

*आप से भी - तो वह मेरा शिष्य नहीं बन सकता "* *आइएसबीएन* 0-8400-3625-4

प्रथम पोप ने ईसा मसीह के शब्दों को अपने जीवन में सच्चा रूप दिया --- जैसा कि आपने बाइबल के उपरोक्त उद्धरणों में देखा ईसा कहते हैं (1) मत सोचो कि मैं आया हूँ इस धरती पर शांति का संदेश लेकर - मैं इस धरती पर शांति नहीं बल्कि युद्ध की तलवार लेकर आ या हूँ। ईसा ने पूछा (2) क्या तुम समझते हो कि मैं आया हूँ इस पृथ्वी पर शांति स्थापित करने के लिए? मैं तुम्हें बताता हूँ - नहीं। मैं आया हूँ मानवों में फूट डालने के लिए। ईसा मसीह ने कहा (3) मैं आया हूँ परिवारों में फूट डालने के लिए - पिता और पुत्र को एक दूस रे के विरुद्ध खड़ा करने के लिए - माँ और पुत्री को एक दूसरे के विरुद्ध करने - सास और बहू को एक दूसरे से लड़ाने - एक ही परिवार के सदस्यों को एक दूसरे का शत्रु बनाने। ईसा मसीह ने कहा (4) मैं चाहता हूँ कि बच्चे अपने माता-पिता से घृणा करें - मैं चाहता हूँ कि भाई-बहन एक दूसरे से घृणा करें - मैं चाहता हूँ कि पति- पत्नी एक दूसरे से घृणा करें। प्रथम पोप ने इन शब्दों का अक्षरश: पालन किया।

1835 में जब प्राचीन हिंदू शिक्षा पद्धति को नष्ट कर ईसाई अँग्रेज़ी शिक्षा पद्धति की स्थापना की गई तब से धीरे- धीरे हम हिंदुओं ने भी ईसा मसीह के इच्छाओं का पालन करना सीख लिया। रामायण महाभारत में आप सास-बहू का झगड़ा नहीं पाते पर आज घर- घर में इसकी चर्चा मिलेगी। ईसाई विधाता के विधान जो बाइबल में लिपिबद्ध किए गए हैं -- ड्यूट्रॉनमि (विधि-विवरण) के अंतर्गत -- बाइबल के अनुयायियों को यह निर्देश देते हैं कि -

"13:6 *यदि तुम्हारा भाई तुम्हारी अपनी माँ का बेटा या तुम्हारा पुत्र या तुम्हारी पुत्री या तुम्हारी पत्नी जो तुम्हारे हृदय में बसती हो या तुम्हारा वह मित्र जो तुम्हारी अपनी आत्मा के समान है - इनमें से यदि कोई तुम्हें चुपके से फुसलाए कि चलो हम चल कर दूसरे धर्म के भगवान की पूजा करें जो न तुम्हारे भगवान हैं न तुम्हारे पूर्वजों के* 13:8 *तुम अपनी सहमति न दोगे - न तुम उसकी बात सुनोगे - न तुम्हारी नज़र में उसके प्रति दया होगी - न तुम उसे क्षमा करोगे - न तुम उसे छुपाओगे* 13:9 *तुम उसे अवश्य ही मार डालोगे - तुम्हारा हाथ वह पहला हाथ होगा जो उसे मृत्यु के द्वार तक पहुँचाएगा - उसके पश्चात दूसरे लोगों के हाथ उस पर पड़ेंगे* 13:10 *और तुम उसे पत्थरों से मारोगे कि वह मर जाए क्योंकि उसने तुम्हें तुम्हारे अपने भगवान से दूर ले जाने की चेष्टा की* 20:16 *उन शहरों को जिनका तुम्हें तुम्हारे भगवान ने उत्तराधिकारी बनाया - उन शहरों के लोगों में से किसी को भी साँस लेता न छोड़ना* 20:17 *उन्हें पूर्णतः नष्ट कर देना* " "32:24 *उन्हें भूख से तड़पाओ - जलती हुई आग की लपटों को निगल जाने दो उनके शरीरों को - उनकी मौत अत्यंत दुःखद हो - मैं भी भेजूँगा जानवरों को जिनके दाँत उनके शरीरों पर गड़ेंगे और साँपों को जिनका विष उन्हें धूल चटाएगा* 32:25 *बिना तलवार के उनके दिलों में आतंक भर दो - नष्ट कर दो जवाँ मर्दों को, कुमारियों को, माँ का दूध पीते नन्हे बच्चों को, और वृद्धों को जिनके बाल पक चुके हों" आइएसबीएन* 0-8400-3625-4

प्रथम पोप ने ईसाई धर्म के भगवान के बनाए गए विधानों का बड़ी आस्था के साथ पालन किया। ख़ून की नदियाँ बहा दी उन्होंने , जरा भी न झिझके। जैसा कि आपने बाइबल के उपरोक्त उद्धरणों में देखा कि ईसाई धर्म के भगवान का विधान है (1) यदि तुम्हारी पत्नी, तुम्हारा पुत्र, तुम्हारी पुत्री, तुम्हारा सगा भाई , तुम्हारा लँगोटिया यार तुमसे कहे कि

चलो हम दूसरे धर्म के भगवान को पूजें तो उसे अवश्य ही अपने ही हाथों से मार डालो (2) उन शहरों को जिन पर तुम कब्जा करो उनमें किसी को जीता न छोड़ो - उन्हें भूखा मारो - उन्हें आग में झोंक दो - केवल जवानों को ही नहीं बल्कि कुमारियों को , माँ का दूध पीते नन्हे-नन्हे बच्चों को एवं सफ़ेद बाल वाले बूढ़ों को - किसी को भी साँस लेता न छोड़ो।

उस शिक्षा से प्रेरित होकर ईसाइयों ने हिंदुओं को (विशेष कर हिंदू ब्राह्मणों को) कैसी अकथ्य यातनाएँ दीं लगातार दो सौ वर्षों तक?




*आरेख 8 पोप (19 मार्च 1227 से 22 ऑगस्ट 1241) ग्रेगरी 9वें*

"*पोप ग्रेगरी 9वें ने धर्म- न्यायाधिकरण की स्थापना की सन* 1232 *के लगभग" ऑक्सफोर्ड शब्दकोश आइएसबीएन* 019-565432-3

जो ईसाई नहीं बनना चाहता उसे ईसाई धर्माधिकारी दंड देते --

"*द एम्पायर ऑफ़ द सोल में पॉल विलियम रॉबर्टस लिखते हैं -* (1) *माता-पिता के आँखों के सामने बच्चों को कोड़े लगाए जाते और फिर उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े किए जाते - माता-पिता के पलकों को उखाड़ दिया जाता ताकि वे अपनी आँखों को बंद न कर सकें - बच्चे छटपटाते रहते - माता-पिता इस दृश्य को अपनी आँखों के सामने देखते रहने के*

*लिए बाध्य किए जाते - बहुत ही सावधानी के साथ माता-पिता के हाथ-पाँव काटे दिये जाते ताकि वे बेहोश न हों और होश में रहते हुए यह सब कुछ देख सकें - केवल उनके पेट से लेकर सर तक का भाग बचा रहता, दोनों हाथ-पाँव कटे होते और पलकें उखाड़ ली गई होतीं (2) पुरुषों के जननेंद्रिय को निकाल लिया जाता और उ नके पत्नियों के समक्ष जलाया जाता (3) स्त्रियों के स्तनों को काट दिया जाता एवं उनकी योनि में तलवार घुसेड़ दी जाती - उनके पति इसे देखते रहने के लिए बाध्य किये जाते और यह चलता रहा दो सौ वर्षों तक"* The Empire of the Soul, Paul William Roberts, Harper Collins, 1999, quoted in The Saint Business, Rajeev Srinivasan, Hindu Voice, Nov 2003, pp.4-5

आज से केवल दो सौ वर्ष पहले ये घटनायें घटी हैं सन 1560 से 1812 तक। ये नराधम ईसाई आज बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और हम हिंदुओं को मानवता का पाठ पढ़ाते हैं - ह्यूमन राइट्स की बातें करते हैं। आदमखोर जानवर भी लज्जित होंगे अगर इन ईसाइयों के कुकर्मों की गाथा सुनेंगे ! ये ईसाई एवं इनकी ईसाई-अंग्रेज़ी शिक्षापद्धति में प्रशिक्षित हिंदू आज हिंदू धर्म एवं हिंदू जीवन मूल्यों की आलोचना करते नहीं थकते --- आप इनकी दृष्टि से आज हिंदू धर्म एवं हिं दू जीवन मूल्यों को परखना सीखते हैं।

# ईसाई धर्म की विशिष्टताएँ क्या हैं

मायावी व्यक्तित्व, छल-कपट में असाधारण रुचि, सत्ता के प्रति असीमित लालसा, धनलोलुपता एवं कामातुर प्रवृत्ति - ये हैं आसुरिक संस्कृति के

मापदंड। मायावी वह होता है जिसकी असली पहचान हमसे छुपी होती है। धीरे-धीरे उनकी उस असली पहचान से आपकी पहचान कराउंगा मैं।

## कामातुर प्रवृत्ति की इतनी अधिकता क्यों




*आरेख 9 पोप (11 ऑगस्ट 1492 - 18 ऑगस्ट 1503) ऐलेक्ज़ैन्डर 6ठे*

"15*वीं शताब्दी के पोप ऐलेक्ज़ैन्डर* 6*ठे ने अपनी पुत्री के साथ यौन संबंध रखे --- ये अपने पुत्र के साथ वेश्याओं के पास जाते रहे --- इन्होंने अपने कार्डिनलों को विष दिया उनके धन को हथियाने के लिए --- इन्होंने चर्च के विशेषाधिकारों को ख़रीदा और बेचा --- इनके महल में उच्छृंखल पार्टियाँ हुआ करती थीं जहाँ अनियंत्रित रूप से शराब बहता था और अंधाधुंध यौनाचार होता था --- इनका अंत भी विष के द्वारा हुआ , वैसे ही जैसे इन्होंने अपने कार्डिनलों को विष देकर मारा* " ISBN 81-85990-21-2, p.79 footnotes

"*महासभा में सैंतीस साक्षियों (जिनमें से अधिकांशतः धर्माध्यक्ष एवं पुरोहित थे) की साक्षी से यह प्रमाणित हुआ कि पोप जॉन* 13*वें*

*व्यभिचारी, परस्त्रीगामी, कौटुंबिक व्यभिचार, लौण्डेबाज़ी, चोरी एवं ख़ून के अपराधी थे --- इसके अलावा असंख्य प्रत्यक्षदर्शियों के साक्ष्य के अनुसार उन्होंने शील भंग और बलात्कार किया था तीन सौ ननों (मठवासिनी धर्म संघिनियों) का"* Dwight - Roman Republic in 1849, p.115 एवं The Priest, Woman and Confessional, p.268 तथा ISBN 81-85990-46-8 p.97 fn.97



आरेख 10 पोप(1 ऑक्टोबर 965 से 6 सेप्टेम्बर 972) जॉन 13वें

"*ईसाई पोप इतने दोग़ले बच्चे पैदा करते कि उनके पालन-पोषन के लिए प्रकांड मठों की व्यवस्था करनी पड़ती थी --- जन्म लिपियों में पोप का नाम पिता के रूप में दर्ज किया जाता था --- जब रोम ( ईटली) में महान शोभायात्राएँ हुआ करती थीं तो पोप के ये दोग़ले बच्चे पोप के आगे-आगे चलते थे "* Familiar Discourses, p.383 देखें ISBN 81-85990-46-8 p.97 fn.98

"*छः हज़ार नवजात शिशुओं के सर पाए गए उस मछली तालाब के अंदर जो उस कॉनवेन्ट के पास था जो ईसा मसीह के दुल्हनों का निवास कहलाता था"* Ibid, ISBN 81-85990-46-8 p.97 fn.98 read with Introduction by Sita Ram Goel, p.xx

"*इंग्लैंड के हेनरी 3रे जो 13वीं शताब्दी में लीग के पादरी हुआ करते थे उनकी 65 अवैध संतानें थीं --- उन्होंने एक बार महाभोज में जनसमुदाय*

*के सामने अपनी शेख़ी बघारते हुए एलान किया कि उन्होंने 22 महीनों में 14 बच्चे पैदा किए"* Ibid, Vol. 2, p.349 ISBN 81-85990-46-8 p.97 fn.97

"*इस बात की खुल कर पुष्टि की जाती थी कि इंग्लैंड में पादरियों ने एक लाख स्त्रियों को लंपट दुराचारी बनाया था* " Draper - Intellectual Development of Europe, p.498 ISBN 81-85990-46-8 p.97 fn.97


"*बॉस्टन अमरीका सन* 2003 *मैसाचुसेटस के ऐटॉर्नी जेनरल ने कहा कि कम से कम* 789 *व्यक्तियों ने कोई* 250 *पादरियों के विरुद्ध आरोप लगाए हैं --- वे जब छोटे थे एवं गिरजे में जाते थे तो इन पादरियों ने उन्हें यौन संबंध के लिए बाध्य किया था --- ऐटॉर्नी जेनरल रेली ने यह भी कहा कि दूसरे स्रो तों से जानकारी लेने पर यह संख्या* 1,000 *से भी अधिक होगी --- इस खुलासे के बाद विश्व भर के विभिन्न स्थानों से लोग अपने-अपने बचपन में पादरियों के द्वारा यौन संबंध के लिए मजबूर किए जाने की बात सामने लाने लगे हैं* " The Free Press Journal, 25 July 2003, p.7 World

"*वॉशिन्गटन अमरीका सन* 2005 *पादरियों के दूसरे वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार* 1,092 *नए आरोप पादरियों के विरुद्ध आए हैं --- डॉ मैक्चेसने के अनुसार सन* 1950 *से लेकर अब तक* 800 *मिलियन डॉलर (*1 *डॉलर* 43 *रुपये के हिसाब से* 34 *अरब* 40 *करोड़ रुपये) देने पड़े हैं --- केवल पिछले वर्ष ही देने पड़े* 139.6 *मिलियन (*6 *अरब रुपये) ---* 1,092 *नए आरोप लगाए गए थे* 1,083 *व्यक्तियों के द्वारा जिनमें से अधिकांशतः पुरुष थे --- सन* 1950 *से* 2002 *तक* 10,667 *नाबालिग़ों के साथ पादरियों ने यौन संबंध स्थापित किए उन्हें बाध्य कर और अपने धर्मगुरु*

*होने का अनुचित लाभ उठाकर --- डॉ मैक्चेसने के अनुसार वास्तविक संख्या हम कभी न जान पाएँगे क्योंकि अनेक लोग ऐसी बातों को सबके सामने ज़ाहिर करना नहीं चाहते "* The Times Of India, 20 February 2005, p.10

ऐसे उदाहरणों से पूरी किताब भरी जा सकती है पर मेरा उद्देश्य वह नहीं।

अब तुलना कीजिए इन सब की हमारे पुरातन हिंदू समाज से ---
संभवतः दो सौ वर्ष भी नहीं हुए -- मुम्बई के गवर्नर हुआ करते थे एलफिन्सटन जिनके नाम पर कॉलेज है एवं एक रेलवे स्टेशन है मुम्बई में -- उन्होंने लिखा अपनी पुस्तक में कि -



Mountstuart
Elphinstone

*आरेख 11 गवर्नर एलफिन्सटन*

"*हिंदू लोग हम (ईसाई-अँग्रेज़ों) से कहीं अधिक श्रेष्ठ हैं दो विषयों में (*1) *विलासिता लांपट्य व्यभिचार से मुक्ति एवं (*2) *आचरण में पवित्रता "* Elphinstone's History of India, ed. Cowell, pp.375-381 quoted in ISBN 0-14-100437-1 p.56 read with end note 39

ऐसा ही कुछ एक पचीस वर्षीय केनेडियन ने मुझसे सन 2000 में कहा था *"हम सबसे तुम कहीं अधिक पवित्र (pure) हो"।* जाने क्या देखा था

उसने मुझमें। संभवतः उसका इशारा आचरण एवं चरित्र की तरफ़ था जब उसने प्योर शब्द का प्रयोग किया।

जब तक हमने अपने आपको इन आसुरिक प्रवृत्ति वाले लोगों से दूर रखा तब तक हमने अपने आचरण की पवित्रता को बनाए रखा। जब हम इनके क़रीब आते गए तो हमारी पवित्रता हमसे दूर होती गई। छः पीढ़ियों की संगत के पश्चात आज हम उनके इतने निकट आ गए हैं कि हमने अपनी पवित्रता को पूरी तरह से खो दिया है। इसी लिए हमारे बड़े-बूढ़े कहा करते थे कि बुरी संगत का असर बुरा ही होता है। आज तो हम इस प्रकार से घुलमिल गए हैं उनसे कि उनके आचरण को हम उचित एवं हमारे पुरातन आचरणों को दक़ियानूसी समझने लगे हैं!

मैं शिक्षा पर ही इतना ज़ोर क्यों देता हूँ? हम जो कुछ पढ़ते हैं और जो कुछ अपने चारों तरफ़ देखते हैं वे सभी हमारे मनों-मस्तिष्क पर कोई न कोई छाप अवश्य छोड़ जाते हैं। शिक्षा चाहे किसी भी प्रकार की हो वह हमारी सोच, हमारी भावनाओं को दिशा देती है। हमारी सोच एवं हमारी भावनाएँ अंततः हमारे आचरण का निर्माण करती हैं। जब हिंदू शिक्षा पद्धति हमारी शिक्षा का माध्यम रही थी तो उसने हमारे चरित्र को एक ढाँचे में ढाला। जब आसुरिक शिक्षा पद्धति हम पर थोप दी गई 1835 में तो उसने हमें धीरे-धीरे आसुरिक बना दिया! आज का हिंदू वह कल का हिंदू न रहा जिसका आचरण पवित्र हुआ करता था। मुझे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता ये पोप और ये पादरी अपने घरों में क्या करते हैं। पर उन्होंने हमारे घर में जबरन घुसकर हमें और हमारे बच्चों को अपने जैसा गंदा बनाना शुरू किया। इसलिए हमारा जानना आवश्यक है कि हम उनके बिना क्या थे और उनकी संगत में क्या बन गए।

ईसाई पोप (सर्वोच्च धर्मगुरु) एवं ईसाई धर्मगुरुओं ने अपने अनुयायियों को भी अपने ही जैसे चरित्र का ही मालिक बनाया --- परिणाम आपने देखा आज के अमरीकी जन- जीवन में जहाँ 84 प्रतिशत जनता एवं 98 प्रतिशत सैनिक ईसाई हैं पर आप ईसाई समाज व्यवस्था की इस देन को आधुनिकता का ना म दे बैठते हैं क्योंकि उनका मायावी चरित्र आपके सामने उन्हें दया एवं सेवा की मूरत बनाकर पेश करता है। छः पीढ़ियों से ईसाई- अंग्रेज़ी शिक्षाव्यवस्था के अंतर्गत पली- बड़ी हिन्दूसंताने आज उन्हीं के जैसी बनती जा रही हैं और उनमें खोट निकालते समय आप यह भूल जाते हैं कि यह शिक्षा एवं समाज व्यवस्था उन पर जबरन लादी गई थी और इतने समय के बाद उसे यों ही उखाड़ फ़ेंकना आसान नहीं --- जो शिकार बना उसे आप दोषी करार देते हैं क्योंकि वह बिचारा पलट कर जवाब नहीं दे सकता। जिन्होंने उन्हें बिगाड़ा उनकी ओर उँगली उठाने की न तो आपमें हि म्मत है, न ही स्वतंत्र सोच जो आपमें वह हिम्मत पैदा करे। आप भी उसी शिकारी के शिकार हैं जिसने उस शिकारी से केवल यही सीखा है कि बस अपनी गलतियाँ गिनते रहो और इसी हीन भावना के साथ जीते रहो। यदि आपने थोड़ी सी स्वतंत्र सोच पा भी ली तो वह बस इतनी धुंधली कि अपने को बेहतर मानते हुए बाकी के अपनों में ही खोट निकालते रहे, इसप्रकार उन्हें और भी अधिक हीन भावना से ग्रसित करते रहे।

एक विशेष योग्यता आप पाएँगे ईसाई इतिहासज्ञों में एवं ईसाई शिक्षा से प्रभावित लेखकों एवं रिपोर्टरों में। केवल आपको इतिहास में झाँकते रहना होगा एवं वर्तमान की घटनाओं पर विशेष नज़र डालते रहना होगा और सैंकड़ों उदाहरण अपने सामने पाएँगे। ये लोग नाटक के पात्रों को बदलने में बहुत माहिर बन चुके हैं। आप पाएँगे अनेक गढ़ी हुई कहानियाँ अतीत के ब्राह्मण वर्ग के बारे में। इन कल्पित कथाओं में आपको उन्हीं घटनाओं

की झलक मिलेगी जो ईसाई पोप /पादरी सैंकड़ों वर्षों से वास्तव में करते रहे। उनको केवल इतना ही करना पड़ा कि अपने इतिहास में झाँका और उसी छवि में हिंदू इतिहास को फिर से लिख दिया। नवयुवकों नवयुवतियों ने उन्हें अपनी पाठ्यपुस्तकों में पढ़ा (ऐतिहासिक उपन्यासों में भी पढ़ा) और उसी को सत्य जाना क्योंकि पिछले छः पीढ़ियों की ईसाई-अँग्रेज़ी शिक्षा के दौर में ऐसे साहित्य की भरमार हो गई है। हमने उनकी नज़रों से अपने पुरखों को देखना और पहचानना सीखा। आज की मीडिया ने इस कला में विशेष दक्षता प्राप्त कर ली है। यदि आप कांची शंकराचार्य की गिरफ़्तारी के बाद अँग्रेज़ी मीडिया के द्वारा प्रकाशित समाचारों को देखेंगे तो आपको बहुत कुछ मिलता- जुलता देखने को मिलेगा। उदाहरण के लिए शंकराचार्य ने एक व्यक्ति की हत्या करवाई (विभिन्न पोप समय- समय पर यही करते रहे थे )। दूसरा उदाहरण - शंकराचार्य ने मठ में आने वाली स्त्रियों के साथ अनैतिक संबध रखे (पोपों एवं पादरिओं ने इस में बड़ी योग्यता प्राप्त कर ली थी )। शंकराचार्य को यह सब करने की आवश्यकता नहीं पड़ी होगी पर अँग्रेज़ी मीडिया को इस बात की विशेष आवश्यकता थी कि वे अपने मस्तिष्क पर ज़ोर डालें एवं कुछ नया खो ज निकालें --- उन्हें अधिक दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी --- ईसाई धर्मगुरुओं के चरित्र के आधार पर हिंदू धर्मगुरुओं का चरित्र गढ़ डाला!

## इतनी धनलोलुपता क्यों

